एक नजर में

## कोठरी मार्केट में मिला अधेड़ का शव



इंदौर. एमजी रोड थाना क्षेत्र के कोठरी मार्केट इलाके में शुक्रवार सुबह एक अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई. राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा. रावजी थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है. फिलहाल शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं. प्रारंभिक जांच में कोई चोट या बाहरी चोट के निशान स्पष्ट नहीं मिले हैं, हालांकि मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही होगा. इलाके में अचानक लाश मिलने से लोग हैरान रह गए और मौके पर भीड़ जुट गई. पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और स्थानीय लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है.

## बीमारी से जूझते बुजुर्ग ने जहर खाकर दी जान



इंदौर. परदेशीपुरा इलाके में गुरुवार को बीमारी से परेशान एक बुजुर्ग ने जहर खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली. घटना से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई. पुलिस ने बताया कि 62 वर्षीय यशवंत पिता फूंदीलाल ने जहर खाकर आत्महत्या की है. सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज जांच शुरु की.

## शादी का झांसा देकर शोषण करने वाला धराया



इंदौर. विजय नगर पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती का शोषण करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी पर पुलिस ने 5 हजार रुपए का ईनाम घोषित कर रखा था. पुलिस ने उसे पकड़कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे दो दिन की रिमांड पर भेज दिया है. 15 अगस्त 2025 को पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए. इस शिकायत पर थाना विजय नगर में थाने में प्रकरण दर्ज किया है, घटना के बाद से ही आरोपी फरार था. उसकी तलाश में पुलिस की विशेष टीम गठित की गई थी और डीसीपी जोन-02 द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया. पुलिस ने आज आरोपी 25 वर्षीय विकास पिता किशोर सागोरे, निवासी सुंदर नगर, मालवीय नगर गली नं. 1, इंदौर को पकड़ लिया. आरोपी को माननीय जिला न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे 2 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है. मामले की पुलिस विस्तृत जांच कर रही है.

## जूना बाजार का राजा की स्थापना



देपालपुर. नगर के वार्ड क्रमांक 2 जूना बाजार में युवाजनों ने मिल कर जूना बाजार का राजा श्री गणेश की स्थापना की है. प्रतिदिन ढोल नागाड़े से आरती के साथ सांस्कृतिक आयोजन होते हैं. रोज अगल-अलग भक्तों के द्वारा प्रसाद का वितरण किया जाता है. आयोजन का यह चौथा वर्ष है. आयोजन समिति के लक्की परमार, वीरेंद्र सोलंकी, रितिक परमार, अभिषेक परमार, गौतम चौहान, अंकित सोलंकी, अलकेश सोलंकी आदि प्रमुख हैं.

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन




महू. मध्य भारत अस्पताल में स्थापित वन स्टाप सेंटर में महिलाओं के संबंध में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. आयोजित शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्वेता मिश्रा द्वारा महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया एवं महिलाओं को उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देकर उन्हें समझाया गया. सारिका गिरी शर्मा चतुर्थ अपर सत्र जिला न्यायाधीश द्वारा महिलाओं को उनके अधिकार एवं घरेलू हिंसा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई और कहा गया कि वन स्टॉप सेंटर एक ऐसा माध्यम है जिसमें महिलाओं से संबंधित ऐसे बहुत से प्रकरणों का निराकरण यहां के स्टाफ द्वारा काउंसलिंग कर किया जाता है. आयोजित शिविर में प्रशासक वर्षा चौहान एवं काउंसलर अंकिता जैन द्वारा महिलाओं को वन स्टाफ सेंटर से संबंधित समस्त जानकारी प्रदान की गई आयोजित शिविर में पर्यवेक्षक आशा ठाकुर एवं लगभग 40 महिलाएं उपस्थित रही.

## चावड़ा का निशानेबाजी में चैंपियनशिप के लिए चयन

महू. ग्राम भगोरा निवासी और श्री अकादमी के भूतपूर्व छात्र राष्ट्रीय पदक वीर निशानेबाज हरिओम चावड़ा का कजाकिस्तान में खेले जाने वाली



एशियाई चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है. उन्होंने कजाकिस्तान में आयोजित होने वाली एशियाई चैंपियनशिप में भारत का 50 मीटर फ्री पिस्टल प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व किया और एशियन चैंपियनशिप में पूरे एशिया में चौथा साथ प्राप्त किया. वर्तमान में हरिओम भारतीय खेल प्राधिकरण के भोपाल स्थित मध्यप्रदेश शूटिंग एकेडमी में कोच पी एन प्रकाश एवं जयवर्धन सर से ट्रेनिंग ले रहे हैं. उनकी इस सफलता पर श्री एकेडमी के वर्तमान छात्रों एवं शिक्षकों ने डायरेक्टर डॉ राजेश पाटीदार एवं प्राचार्या डॉ हेमलता पाटीदार के साथ मिलकर वीडियो कॉल पर हरिओम को सफलता की बधाई प्रेषित की. हरिओम की इस सफलता पर भगोरा ग्राम की सरपंच लक्ष्मी सूरज वर्मा, पिता शिवनारायण चावड़ा एवं अन्य वरिष्ठ ग्रामीणजन साथियों ने बधाई प्रेषित की. श्री एकेडमी टीम वरिष्ठ खिलाड़ी संगठन, बाल महोत्सव समिति, संस्था वात्सल्य, रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट, शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण ने उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ बधाई प्रेषित की.

# मुंबई की युवती इति ने थाने में किया सरेंडर

- पब संचालक की मौत में आया नया मोड़
- ब्लैकमेलिंग गैंग की परतें खुलने की आशंका, पुलिस की पूछताछ शुरू

नव भारत न्यूज

**इंदौर. अन्नपूर्णा क्षेत्र के पब संचालक और शराब कारोबारी भूपेंद्र रघुवंशी की आत्महत्या के मामले ने शुक्रवार को नया मोड़ ले लिया. मुंबई निवासी युवती इति तिवारी, जिसका नाम शुरुआती जांच में सामने आया था, अपने अधिवक्ता के साथ अन्नपूर्णा थाने पहुंची और सरेंडर कर दिया. पुलिस ने देर रात तक उससे पूछताछ की और अब पूरे घटनाक्रम को खंगाल रही है.**



रघुवंशी की मौत को लेकर शुरू से ही घरेलू विवाद और निजी रिश्तों की बातें सामने आई थीं, लेकिन पुलिस की तफ्तीश अब ब्लैकमेलिंग गैंग की ओर बढ़ रही है. सूत्रों का कहना है कि भूपेंद्र पर जिस गैंग ने दबाव बनाया, उसमें इति की भी भूमिका हो सकती है. पुलिस को उम्मीद है कि उसकी बयानबाजी से नेटवर्क के बड़े नाम सामने आ सकते हैं. भूपेंद्र का पारिवारिक दायरा बेहद सीमित था. उनकी तीनों बहनें विदेश में रहती हैं. अंतिम संस्कार में कनाडा से लौटी एक बहन शामिल हो सकी, जबकि दो बहनें गमी में नहीं आ पाईं. माता-पिता गहरे सदमे में हैं, वहीं मासूम बेटी अपने पिता की मौत के पीछे की जटिल परिस्थितियों से अनजान है. परिवार की मानें तो पति-पत्नी के बीच अक्सर इति तिवारी के कारण मतभेद होते थे. भूपेंद्र ने उससे संपर्क के लिए अलग मोबाइल तक रखा था, जिसका पता चलने पर घर में कई बार तनाव हुआ. पुलिस अब इति के साथ-साथ उसकी बहन शिवांगी और उनकी करीबी मित्र आरिशा जैन की भी भूमिका खंगाल रही है. आरिशा के राजनीतिक हलकों से संबंध होने की चर्चा है. जांच एजेंसियों का मानना है कि यह सिर्फ निजी रिश्तों का विवाद नहीं, बल्कि संगठित ब्लैकमेलिंग गैंग का हिस्सा हो सकता है, जो लंबे समय से भूपेंद्र पर दबाव बना रहा था. इति तिवारी के सरेंडर से केस ने नया मोड़ ले लिया है. पुलिस का कहना है कि पूछताछ के आधार पर जल्द ही अगली कड़ी तक पहुंचने की कोशिश की जाएगी और संभव है कि इस मामले में कई प्रभावशाली नामों से पर्दा उठे. वहीं अब सरेंडर के बाद पुलिस उनसे घटनक्रम को लेकर पूछताछ कर रही है. सूत्रों के मुताबिक, इति की बयानबाजी से मामले की आगे की दिशा तय होगी.

### आरोपों को बताया निराधार, कहा भूपेंद्र से केवल दोस्ती थी

शराब कारोबारी भूपेंद्र रघुवंशी की आत्महत्या के मामले में चर्चा में रही मुंबई निवासी युवती इति तिवारी के अधिवक्ता जिल शर्मा ने उन ऊपर लगे आरोपों को सिरे से खारिज किया. वहीं इति तिवारी ने स्पष्ट कहा कि भूपेंद्र रघुवंशी से उनका केवल दोस्ताना संबंध था, उससे आगे कुछ नहीं. उन्होंने अपने वकील के जरिए पुलिस को संदेश दिया कि उनके खिलाफ लगाए जा रहे ब्लैकमेलिंग और दबाव से जुड़े आरोप पूरी तरह गलत और निराधार हैं. इति का कहना है कि उन्होंने खुद इंदौर आकर पुलिस के सामने अपना पक्ष रखने की बात कही थी.

# फर्जी नाम से दोस्ती कर युवती को सरदारपुर ले गया युवक

- सोशल मीडिया से शुरू हुई बातचीत
- विरोध के बाद पीड़िता ने परिजनों को बताई पूरी बात

**इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र की एक छात्रा को सोशल मीडिया पर झांसा देकर सरदारपुर ले जाकर गलत काम करने के मामले में पुलिस ने युवक पर प्रकरण दर्ज किया है. आरोपी ने युवती से फर्जी नाम से दोस्ती की थी.**



पुलिस के अनुसार धार जिले के सरदारपुर निवासी नौशाद खान ने छात्रा से सोशल मीडिया पर संपर्क कर दोस्ती की. उसने अपना नाम छिपाकर युवती से बातचीत शुरू की. 22 अगस्त को वह युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ सरदारपुर ले गया और बहन के घर ठहराया. इस दौरान युवती के साथ गलत काम किया गया. युवती ने बताया कि आरोपी ने धर्म परिवर्तन की बात भी छेड़ी थी. जब युवक की असलियत सामने आई तो उसने विरोध किया और पूरी घटना अपने पिता को बताई. पीड़िता के पिता ने मामला दलित महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार को बताया. परमार ने पुलिस को शिकायती आवेदन सौंपा, इसके बाद युवती ने भी थाने में शिकायत दर्ज कराई. बाणगंगा थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि आरोपी नौशाद खान निवासी सरदारपुर के खिलाफ कई धाराओं में प्रकरण दर्ज कर घटना की पूरी तहकीकात की जा रही है.

# सीमा नाथ गैंग के पेडलर को भी पुलिस ने पकड़ा

- शहर में ब्राउन शुगर तस्करी पर बड़ा खुलासा

इंदौर. नशे के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए क्राइम ब्रांच ने सीमा नाथ गैंग के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है. 21 वर्षीय पेडलर आकाश गोखले निवासी धार रोड, नावदा पंथ के घर से 32 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 6 लाख 40 हजार रुपए बताई जा रही है.

इससे पहले इसी प्रकरण में आरोपिया सीमा नाथ को अहीरखेड़ी स्थित घर से पकड़ा था. उसके पास से 516 ग्राम ब्राउन शुगर और 48 लाख 50 हजार रुपए नकद जब्त किए गए थे. अब तक इस गैंग के तीन आरोपी पुलिस गिरफ्त में आ चुके हैं. क्राइम ब्रांच की टीम ने बताया कि आकाश पहले भी करीब आधा दर्जन अपराधों में जेल जा चुका है. पूछताछ में उसने बताया कि वह लंबे समय से सीमा नाथ के संपर्क में था और उसके इशारे पर नशे की खेप शहर में पहुंचाता था. पुलिस आयुक्त के निर्देश पर चल रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध मनोज श्रीवास्तव और एडीसीपी राजेश दंडोतिया के मार्गदर्शन में एसीपी देवेंद्र सिंह धुर्वे के नेतृत्व में गठित टीम लगातार नशे के सौदागरों की धरपकड़ कर रही है. जब्त माल और अब तक की गिरफ्तारी को देखते हुए पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में इस नेटवर्क से जुड़े और बड़े नामों का भी खुलासा होगा.

# एमडी और उसे बनाने के रसायनों के साथ तस्कर को दबोचा

- नारकोटिक्स प्रकोष्ठ की बड़ी कार्रवाई

**इंदौर. नारकोटिक्स प्रकोष्ठ की बड़ी कार्रवाई में एक कार चालक को मादक पदार्थ एमडी और इसे तैयार करने में उपयोग किए जाने वाले खतरनाक रसायनों के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी हुंडई वर्ना कार में यह माल परिवहन कर रहा था.**



नारकोटिक्स डीएसपी संतोष सिंह हाड़ा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर टीम ने संदिग्ध कार की घेराबंदी कर चालक को पकड़ा. तलाशी में 10 किलो से अधिक ठोस रसायन और करीब 10 लीटर से ज्यादा तरल रासायन बरामद हुए, जिन्हें एमडी बनाने में इस्तेमाल किया जाता है. पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है और उसे मादक पदार्थ उपलब्ध कराने वालों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है. प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी इन रसायनों को सप्लाई चैन का हिस्सा बनकर एक स्थान से दूसरे स्थान ले जा रहा था. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है. नारकोटिक्स प्रकोष्ठ अब यह पता लगाने में जुटा है कि बरामद रसायन कहां से लाए गए और इन्हें आगे किसे सप्लाई किया जाना था.

# घर छोड़कर गई युवती पति संग लौटी, मंदिर में कर ली शादी

- परिजनों ने घर की चौखट पर टांगी थी उल्टी तस्वीर, युवक पर जताई थी शंका
- लापता होने पर उठे थे कई सवाल, पुलिस अब जुटी पूछताछ में

इंदौर. 23 अगस्त से लापता 22 वर्षीय श्रद्धा तिवारी शुक्रवार सुबह अचानक इंदौर लौट आई. वह अपने पति के साथ सीधे एमआईजी थाने पहुंची, जहां पुलिस ने उसे सुरक्षित पाकर राहत की सांस ली. युवती के सकुशल घर लौटने के लिए उसके परिजनों ने घर की चौखट पर उसकी उल्टी तस्वीर टांग, पुलिस से एक युवक पर शंका जाहिर की थी. फिलहाल पुलिस युवती और युवती से पूछताछ कर रही है.



श्रद्धा के लौटने से उस पर उठे शक और अटकलों पर विराम लग गया है. दरअसल, परिजनों ने घर की चौखट पर उसकी तस्वीर उल्टी टांगकर दोस्त पर शक जताया था. इस बीच पुलिस को गुरुवार देर रात जानकारी मिली थी कि श्रद्धा मंदसौर में है और उसने माता-पिता से संपर्क किया है. अतिरिक्त डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि श्रद्धा पूरी तरह सकुशल है. पूछताछ में सामने आया कि परिजनों की डांट-फटकार से नाराज होकर वह घर छोड़कर निकल गई थी. मंदसौर पहुंचकर उसने मंदिर में करण योगी नाम के युवक से विवाह कर लिया, जिससे वह पहले से परिचित थी. लापता होने के दिन श्रद्धा ने अपना मोबाइल घर पर ही छोड़ दिया था. सीसीटीवी फुटेज में उसे मोहल्ले से निकलते और एमआर-4 की ओर जाते देखा गया था. इन फुटेज के आधार पर पुलिस को संदेह था कि वह उज्जैन जा सकती है. वहीं परिजनों ने शक जताया था कि वह एक इंजीनियर युवक सार्थक के संपर्क में थी. पुलिस ने सार्थक को पूछताछ के लिए भी बुलाया, लेकिन उसने स्पष्ट किया कि बीते 15 दिन से दोनों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई थी. अब पुलिस श्रद्धा से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ले रही है, ताकि लापता होने से लौटने तक की स्थिति साफ हो सके.

# सड़क पर पलटा लोहे से लदा ट्रक, बाल-बाल बचे चालक और राहगीर

**इंदौर. शुक्रवार सुबह धरमपुरी के पास बड़ा हादसा होते-होते टल गया. देवास के टाटा चौराहा स्थित मां वैष्णो देवी ट्रांसपोर्ट का ट्रक नम्बर एमपी-09 जीए 7644 लोहे के पाइप के वजनदार टुकड़े लेकर सांवेर रोड से गुजर रहा था. अचानक सड़क निर्माण के दौरान बनी सड़क पर खराबी आने के कारण बैलेंस बिगड़ने से ट्रक पलट गया और देखते ही देखते लोहे के टुकड़े सड़क पर बिखर गए.**



ट्रक चालक राजेश ने पुलिस को बताया कि सड़क की नीचे की तरफ धंसान होने से वाहन का संतुलन बिगड़ा और ट्रक पलटी खा गया. गनीमत रही कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई. दुर्घटना के बाद तुरंत ही ट्रक से सामान खाली करने का काम शुरू किया गया, ताकि भारी वाहन को सीधा कर मार्ग बहाल किया जा सके. इस हादसे से कुछ देर के लिए आवाजाही प्रभावित हुई, लेकिन पुलिस और लोगों की मदद से रास्ता खाली कराया.

# खुले तार की चपेट में आई गाय, मौत के बाद बवाल

**इंदौर. ग्राम खुड़ैल खुर्द में गुरुवार शाम एक हादसे ने ग्रामीणों को झकझोर दिया. स्थानीय किसान निर्भसिंह राजपूत अपनी गाय को चराकर घर ला रहे थे. इसी दौरान सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर के खुले तारों की चपेट में आने से गाय मौके पर ही तड़पकर मर गई. हादसे से कुछ ही दूरी पर खड़े मालिक बाल-बाल बच गए.**



घटना की खबर फैलते ही बजरंग दल के जिला संयोजक मनीष चौहान, योगेश शर्मा सहित कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और आक्रोश जताया. कार्यकर्ताओं ने दुधिया स्थित विद्युत मंडल कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों को आवेदन सौंपा. उनका आरोप था कि विभाग की घोर लापरवाही से ग्रामीणों की जानमाल पर लगातार खतरा मंडरा रहा है. बजरंग दल पदाधिकारियों ने दोषी कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन और कानूनी कार्रवाई की मांग की. उन्होंने कहा कि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकत. वहीं, विद्युत मंडल अधिकारियों ने मामले की जांच का भरोसा दिलाते हुए कहा कि दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

समस्या | मामला वार्ड 46 के पंचम की फेल का

# नलों में आ रहा गंदा पानी, रहवासी इस्तेमाल करने को मजबूर



इंदौर. शहर को स्वस्थ बनाने की कोशिशें जहां की जा रही है वहीं दूषित जल की समस्या भी बरकरार है. शिकायत मिलने पर क्षेत्रीय पार्षद अपनी ओर से प्रयास करते हैं लेकिन नगर निगम की इंजीनियर टीम विफल रहती है. उन्हें पता नहीं चल पाता कि नर्मदा लाईन में दूषित जल कहां से रिसाव हो रहा है.

जंजीर वाला चौराहे के पास ही पड़ने वाला क्षेत्र पंचम की फेल जो कि वार्ड क्रमांक 46 में आता है. यहां क्षेत्र तंग गलियों में घनी बस्ती में बसा हुआ है, जिसका क्षेत्र फल काफी बड़ा भी है. क्षेत्र में नर्मदा पानी की आपूर्ति बहुत बेहतर है लेकिन यहां पेय जल बहुत ही ज़्यादा दूषित है जो पीने के योग्य नहीं होता. गणेश धाम मंदिर क्षेत्र के रहवासियों ने बताया कि पिछले दो-तीन महिनों से नलों में पानी पूरी तरह से गंदा आ रहा है जिसके कारण लोगों को कई तरह की बीमारियां भी हो रही है. क्षेत्रवासी इसी दूषित पानी को पीने को मजबूर है क्योंकि क्षेत्र में पानी को कोई दूसरा साधन नहीं है. हालांकि कुछ वर्ष पहले क्षेत्र में सरकारी बोरिंग किया गया था लेकिन उसमें पानी नही आ सका, जिसके चलते उसे बंद कर दिया गया. तब से दूसरा बोरिंग आज तक नहीं किया गया.

### इनका कहना है...



पिछले कुछ महिनों से पीले रंग का गंदा पानी आ रहा है. लोग उसे ही वापरते हैं. इस दूषित पानी के कारण अधिकांश क्षेत्र वासियों को मुंह में छाले और कुछ बीमारियां हो रही है.

**- प्रकाश बंदावड़े**



पहले बहुत ही गंदा पानी आता था. अब ऐसा पानी आ रहा है जो लोगों को बीमार कर रहा है. ऐसे में कोई दूसरी सुविधा नहीं है. अगर क्षेत्र में बोरिंग लग जाए तो सुविधा होगी.

**- कमला बाई**

फिटकरी या कोई दवा डालने के बाद भी गंदा पानी साफ नहीं हो पाता. मजबूरन यही पानी लोगों को खाने



पीने में इस्तेमाल करना पड़ रहा है. साफ पानी मिले तो बोरिंग की ज़रूरत नहीं.

**- गीता बरवा**

### जल्द ही करेंगे निराकरण

लाइन चेकिंग करने के लिए गड्ढे करना पड़ेंगे. बरसात में लोगों की परेशानियां



बढ़ जाएंगी. जल्द ही इसका निराकरण करवाउंगी. लोगों को बोरिंग की ज़रूरत है तो इसके लिए भी मैं प्रयास करूंगी.

**- सैफू कुशवाह, पार्षद**